# कार्यवाही बैठक

दिनांकः 05/02/2021

आज दिनांक 05/002/2021 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 02 बजे से IQAC कक्ष में प्राचार्य श्री एस0पी0 द्विवेदी की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित एजेण्डे के अनुसार बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें निम्नलिखित शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

1 श्री राजेश शुक्ला (समन्वयक)
2. डॉ0 राजेश वर्मा
3. डॉ0 दुर्गेश धर दुबे
4. डॉ0 विनोद मिश्रा
5. श्री मनोज तिवारी
6. श्री गोपेश गुप्ता
7. श्री नीरज वर्मा
8. श्रीमती नीतू मिश्रा
9. श्रीमती सोनी देवी पाल
10. श्रीमती नीलिमा मिश्रा
11. श्री इन्द्रजीत शर्मा
12. श्री हर्षित शर्मा
13. सुश्री अंकिता सिंह
14. सुश्री सुनन्दनी मिश्रा
15. श्री प्रमोद कुमार
16. श्री शशिकान्त शुक्ल
17. सविता पाण्डेय
18. शैलजा

बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार एवं चर्चा किया गया-

1. महाविद्यालय की समस्त समितियों, प्रकोष्ठों एवं परिषदों के प्रभारी नैक मूल्यांकन के बिन्दुओं के अनुसार अपने कार्यो को पहले से अधिक सक्रियता से सम्यक निर्वहन करें, एवं सम्बन्धित प्रभारी प्रत्येक कार्यदिवस में IQAC समन्वयक को सूचित करते रहे। साथ ही प्रभारियों या सदस्यों के रिक्त हुये स्थान को भरते हुए समिति के गठन को शीघ्र ही अद्यतन कर दिया जाय।
2. छात्र अनुपस्थिति की समस्या को एक सीमा तक समाप्त करने के लिए फुलप्रूफ योजना बने जिससे छात्र उपस्थिति अधिकतम हो सके।
3. महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित अर्धवार्षिक शोध पत्रिका को और बेहतर बनाने तथा सहभागिता बढाने पर सुझाव आमंत्रित किये गये।
4. स्मार्ट कक्षाओं एवं आईसीटी की भौतिक सुविधाओं में और अधिक वृद्धि करने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई जिसमें इसको सभी ने अत्यधिक आवश्यक बताया।
5. शिक्षण की गुणवत्ता में अधिकाधिक वृद्धि करने के लिए शिक्षकों को मिलने वाली सुविधाओं में वृद्धि करना तथा नीतियों को और अधिक स्पष्ट करने पर भी चर्चा हुई। जिसमें विशेषकर प्रशिक्षण/रिसर्च, वर्कशॉप आदि की व्यवस्था एवं विभिन्न प्रकार की अन्य सुविधाओं को प्रदान करना शामिल रहा।

उपयुर्क्त बिन्दुवार चर्चा के पश्चात् IQAC समन्वयक ने सभी को धन्यवाद देते हुये, कमेटी प्रभारियों को सुगमता एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दियें। प्राचार्य/अध्यक्ष महोदय के समापन की घोषणा के पश्चात् बैठक सम्पन्न हुई।

(राजेश शुक्ला)
समन्वयक
IQAC

प्रतिलिपिः

1. प्रबन्धक महोदय,–सादर सूचनार्थ 18/02
2. प्राचार्य महोदय,–बिन्दुवार आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुमोदनार्थ प्रेषित